# जनपद महोबा के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति हेतु निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की कार्य प्रगति के सम्बन्ध में दिनांक 06.04.2026 को जिलाधिकारी, महोदया की अध्यक्षता में आहूत समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

जनपद महोबा के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति हेतु निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी, महोदया की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। समीक्षा बैठक में निम्नलिखित अधिकारीगण एवं अभियंतागण उपस्थित रहे:-

1. श्री संदेष सिंह तोमर, अधिशाषी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) महोबा।
2. जिला पंचायत राज अधिकारी, महोबा।
3. श्री ए.के. शर्मा, अधिशाषी अभियंता, जल निगम (नगरीय) महोबा।
4. श्री प्रशांत त्रिपाठी, सहायक अभियंता, जल संस्थान, महोबा।
5. श्री सूर्य प्रकाश, अधिशाषी अधिकारी, नगर पंचायत, कबरई।
6. श्री मुकेश कुमार, सहायक अभियंता, ई0/एम0 एस0डबलू0एस0एम0, महोबा।
7. श्री आकाश सक्सेना, सहायक अभियंता, एस0डबलू0एस0एम0, महोबा।
8. श्री शिवाकांत अवस्थी, सहायक अभियंता, एस0डबलू0एस0एम0, महोबा।
9. श्री मनीष शुक्ला, सहायक अभियंता, एस0डबलू0एस0एम0, महोबा।
10. श्री अशफाक खान, डीटीएल, टी.पी.आई., सेन्सिस, महोबा।
11. श्री रिक भट्टाचार्य, ओ एण्ड एम इन्चार्ज, एल.एण्ड.टी.।
12. श्री रवि द्विवेदी, प्रोजेक्ट मैनेजर, एस.सी.एल.-एस.एम.सी. ।
13. श्री विवेक कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर,जे.एम.सी.-जे.डब्लू.आई.एल. जेवी।
14. श्री दीदीप, प्रोजेक्ट मैनेजर,जे.एम.सी.-जे.डब्लू.आई.एल. जेवी सलैइया -नाथूपुरा जी0ओ0वी0।
15. श्री अमित द्विवेदी, ओ0एण्ड इन्चार्ज, कबरई ग्राम समूह पेयजल योजना ।
16. श्री रिषभ, डी0पी0एम0 ईगल इन्फ्रा जनपद महोबा।



Scanned with OKEN Scanner

# जल जीवन मिशन

**1. सड़क पुनर्निर्माण (रोड़ रेस्टोरेशन):–** अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन पोर्टल के अनुसार जनपद महोबा में रोड रेस्टोरेशन की स्थिति निम्नानुसार परिलक्षित होती है:–

| क0सं0 | योजना/फर्म का नाम | कुल ग्राम | कार्य पूर्ण हो चुके ग्रामों की संख्या | अवशेष ग्रामों की संख्या | लगायी गयी टीमों/ग्राम की संख्या | साप्ताहिक प्रगति (ग्राम) | क्रमिक प्रगति (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शिवहर ग्राम समूह पेयजल योजना (एल.एण्ड.टी.) | 60 | 60 | 0 | – | 0 | 100 |
| 2. | सलैइया–नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना (जे.एम.सी.–जे.डब्लू.आई.एल.) | 77 | 77 | 0 | – | 0 | 100 |
| 3. | लहचूरा–'काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना (जे.एम.सी.–जे.डब्लू.आई.एल.) | 75 | 75 | 0 | – | 0 | 100 |
| 4. | कबरई ग्राम समूह पेयजल योजना (मै0 एन0के0गुप्ता–के0बी0गुप्ता जेवी) | 37 | 35 | 02 | – | 0 | 94.74 |
| 5. | धवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना (एस.सी.एल.–एस.एम.सी.) | 95 | 90 | 05 | – | 0 | 94.74 |
| 6. | कुल:– | 344 | 337 | 07 | – | 0 | 97.99 |

अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि धवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना अन्तर्गत एस0सी0एल0–एस0एम0सी0 जेवी द्वारा रिक्वायर्ड मैन पावर के सापेक्ष पैन पावर को डिप्लाय नहीं किया गया है तत्क्रम में अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), मै0 एन0के0 गुप्ता जेवी के0बी0 गुप्ता एवं एस0सी0एल0–एस0एम0सी0 जेवी के प्रोजेक्ट मैनेजर तथा डी0टी0एल0, टी0पी0आई0 सेन्सिस महोबा को निर्देशित किया गया कि रोड़ रेस्टोरेशन से सम्बन्धित अवशेष कार्यों को विलम्बतम 01 सप्ताह में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**2. ओ.एच.टी.:–**जल जीवन मिशन पोर्टल के अनुसार जनपद महोबा में ओवर हेड टैंक की स्थिति निम्नानुसार परिलक्षित होती है:–

| क0सं0 | योजना/फर्म का नाम | कुल ओ.एच.टी. की संख्या | पूर्ण ओ.एच.टी. की संख्या (अधिशाषी अभियंता के अनुसार) | अवशेष ओ.एच.टी. की संख्या | ओ.एच.टी. की साप्ताहिक प्रगति | कुल फंक्शनल ओ.एच.टी. की संख्या (टी.पी.आई. के अनुसार) | फंक्शनल ओ.एच.टी. की साप्ताहिक प्रगति (टी.पी.आई. के अनुसार) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शिवहर ग्राम समूह पेयजल योजना (एल.एण्ड.टी.) | 18 | 18 | – | – | 18 | – |
| 2. | सलैइया–नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना (जे.एम.सी.–जे.डब्लू.आई.एल.) | 40 | 40 | – | – | 40 | – |
| 3. | लहचूरा–'काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना (जे.एम.सी.–जे.डब्लू.आई.एल.) | 32 | 32 | – | – | 32 | – |
| 4. | कबरई ग्राम समूह पेयजल योजना (मै0 एन0के0गुप्ता–के0बी0गुप्ता जेवी) | 13 | 13 | – | – | 13 | – |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5. | धवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना (एस.सी.एल.–एस.एम.सी.) | 29 | 29 | – | – | 29 | – |
| 6. | कुलः– | 132 | 132 | – | – | 132 | – |

बैठक में उपस्थित अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद महोबा में जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्माणाधीन धवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत कतिपय ग्रामों में पाइप लाइन की लेईंग की जानी अभी शेष है। अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), एस0सी0एल0–एस0एम0सी0 जेवी के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि ग्रामों में अवशेष पाइप लाइन की लेईंग कराना सुनिश्चित करें।

3. **सी.डब्लू.आर.:–** अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन पोर्टल के अनुसार जनपद महोबा में सी0डब्लू0आर0 की स्थिति निम्नानुसार परिलक्षित होती है:–

| क0सं0 | योजना / फर्म का नाम | सी.डब्लू. आर. की संख्या | पूर्ण सी. डब्लू.आर. की संख्या | अवशेष सी. डब्लू.आर. की संख्या | क्रियाशील सी. डब्लू.आर.की संख्या | अक्रियाशील सी.डब्लू.आर. की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शिवहर ग्राम समूह पेयजल योजना (एल.एण्ड.टी.) | 06 | 06 | 0 | 06 | 0 |
| 2. | सलैइया–नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना (जे.एन.सी.–जे.डब्लू.आई.एल.) | 22 | 22 | 0 | 22 | 0 |
| 3. | लहचूरा–काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना (जे.एम.सी.–जे.डब्लू.आई.एल.) | 10 | 10 | 0 | 10 | 0 |
| 4. | कबरई ग्राम समूह पेयजल योजना (मै0 एन0के0गुप्ता–के0बी0गुप्ता जेवी) | 09 | 09 | 0 | 09 | 0 |
| 5. | धवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना (एस.सी.एल.–एस.एम.सी.) | 09 | 09 | 0 | 09 | 0 |
| 6. | कुलः– | 56 | 56 | 0 | 56 | 0 |

बैठक में उपस्थित अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि धवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना अन्तर्गत बिलरई एवं इन्द्रहाटा स्थित सी0डब्लू0आर0 की रिजर्व पम्प/मोटर खराब है। सम्बन्धित प्रोजेक्ट मैनेजर, को निर्देशित किया गया कि खराब पम्पों को यथाशीध्र सही करायें तथा अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) उक्त का अनुश्रवण करना सुनिश्चित करें।

4. **<u>हर घर जलः–</u>** अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन पोर्टल के अनुसार जनपद महोबा में हर घर जल प्रमाणन की स्थिति निम्नानुसार परिलक्षित होती है:–

| क0सं0 | योजना / फर्म का नाम | कुल ग्रामों की संख्या | एच.जी.जे. 100 प्रतिशत पूर्ण ग्रामों की संख्या | अवशेष ग्रामों की संख्या | एच.जी.जे. प्रमाणित ग्रामों की संख्या | साप्ताहिक प्रगति | प्रमाणन हेतु शेष ग्रामों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शिवहर ग्राम समूह पेयजल योजना (एल.एण्ड.टी.) | 60 | 60 | 0 | 60 | – | 0 |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2. | सलैइया–नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना (जे.एम.सी.–जे.डब्लू.आई.एल.) | 77 | 77 | 0 | 76 | 0 | 01 |
| 3. | लहचूरा–काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना (जे.एम.सी.–जे.डब्लू.आई.एल.) | 75 | 78 | 0 | 75 | 0 | 0 |
| 4. | कबरई ग्राम समूह पेयजल योजना (मै० एन०के०गुप्ता–के०बी०गुप्ता जेवी) | 37 | 37 | 0 | 35 | 0 | 02 |
| 5. | धवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना (एस.सी.एल.–एस.एम.सी.) | 95 | 95 | 0 | 82 | 01 | 13 |
| 6. | कुलः– | 344 | 344 | 0 | 328 | 0 | 16 |

उक्त से स्पष्ट है कि जनपद महोबा में हर घर जल (100 प्रतिशत पूर्ण) हेतु फर्म एन०के० गुप्ता–के०बी० गुप्ता का एक ग्राम गुगौरा अवशेष है, ग्राम झीर साहिवा डूब क्षेत्र में है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि पोर्टल पर उक्त ग्रामों में वांछित नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। डी.टी.एल. टी.पी.आई. द्वारा अवगत कराया गया कि सलैइया–नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना अन्तर्गत ग्राम गुगौरा का हर जल प्रमाणन शेष है, धवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना अन्तर्गत 13 ग्राम बडखेरा, रागौली, पसंदा, नगाराडांग, बिजौरी, गगौरा, गंज, धवर्रा, पचपहरा, खमा, पठारी नवाबाद, रावतपुर खालसा तथा श्रीनगर का हर घर जल प्रमाणन शेष है। जिलाधिकारी, महोदया द्वारा सम्बन्धित प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि अवशेष ग्रामों को शीध्र हर घर जल प्रमाणित कराना सुनिश्चित करें तथा अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) उक्त का अनुश्रवण कर अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायें।

5. **एफ.एच.टी.सी.:–** अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन पोर्टल के अनुसार जनपद महोबा में एफ.एच.टी.सी. की स्थिति निम्नानुसार परिलक्षित होती है:–

| क्र0सं0 | योजना/फर्म का नाम | कुल हाउसहोल्ड | प्रदत्त एफ.एच.टी.सी. | एफ.एच.टी.सी. की साप्ताहिक प्रगति | अवशेष एफ.एच.टी.सी. की संख्या | एफ.एच.टी.सी. प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शिवहर ग्राम समूह पेयजल योजना (एल.एण्ड.टी.) | 20449 | 20449 | – | 0 | 100 |
| 2. | सलैइया–नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना (जे.एम.सी.–जे.डब्लू.आई.एल.) | 28072 | 28072 | 0 | 0 | 100 |
| 3. | लहचूरा–काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना (जे.एम.सी.–जे.डब्लू.आई.एल.) | 21622 | 21622 | 0 | 0 | 100 |
| 4. | कबरई ग्राम समूह पेयजल योजना (मै० एन०के०गुप्ता–के०बी०गुप्ता जेवी) | 11976 | 11976 | 0 | 176 | 98.57 |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5. | धवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना (एस.सी.एल.–एस.एम.सी.) | 30104 | 30104 | 0 | 0 | 100 |
| 6. | कुलः– | 112223 | 112047 | 0 | 176 | 99.85 |

उक्त के संबंध में अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि कबरई ग्राम समूह पेयजल परियोजना के अन्तर्गत ग्राम डीर शाहिबा डूब क्षेत्र होने के कारण उक्त से सम्बन्धित 176 एफ.एच.टी.सी. प्रदान नहीं किया जाना है। उक्त के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदया द्वारा अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि अवशेष एफ०एच०टी०सी० को व्यक्तिगत ध्यान देकर तत्काल पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें एवं भारत सरकार के पोर्टल (e-jalshakti) एवं जल जीवन मिशन पोर्टल में कोई भिन्नता होने की दशा में मुख्यालय से समन्वय स्थापित करते हुए उक्त का निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करें।

6. कमीशनिंग विलेजः– अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन पोर्टल के अनुसार जनपद महोबा में कमीशनिंग/रेगुलर वाटर सप्लाई की स्थिति निम्नानुसार परिलक्षित होती है:–

| क0सं0 | योजना/फर्म का नाम | कुल ग्रामों की संख्या | कमीशनिंग ग्रामों की संख्या | कमीशनिंग हेतु शेष ग्रामों की संख्या | रेगुलर वाटर सप्लाई वाले ग्रामों की संख्या | नियमित जलापूर्ति हेतु शेष ग्रामों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शिवहर ग्राम समूह पेयजल योजना (एल.एण्ड.टी.) | 60 | 60 | – | 59 | 01 |
| 2. | सलैइया–नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना (जे.एम.सी.–जे.डब्लू.आई.एल.) | 77 | 77 | – | 76 | 01 |
| 3. | लहचूरा–काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना (जे.एम.सी.–जे.डब्लू.आई.एल.) | 75 | 75 | – | 74 | 01 |
| 4. | कबरई ग्राम समूह पेयजल योजना (मै0 एन0के0गुप्ता–के0वी0गुप्ता जेवी) | 37 | 36 | – | 36 | 01 |
| 5. | धवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना (एस.सी.एल.–एस.एम.सी.) | 95 | 95 | – | 92 | 03 |
| 6. | कुलः– | 344 | 343 | – | 337 | 07 |

उक्त से स्पष्ट है कि जनपद महोबा में नियमित जलापूर्ति हेतु 07 ग्राम अवशेष है जिसमें फर्म एस०सी०एल० एस०एम०सी० के 03 ग्राम, फर्म सलैइया–नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना का 01 ग्राम, लहचूरा–काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के 01 ग्राम तथा फर्म एन०के० गुप्ता–के०वी० गुप्ता के 01 ग्राम तथा फर्म एल0एण्डटी0 के 01 ग्राम में नियमित पेयजलापूर्ति नहीं की जा रही है। समीक्षा से विदित होता है कि अवशेष 07 ग्रामों में रेगुलर वाटर सप्लाई सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित फर्मों द्वारा पर्याप्त मैन पावर/टीम की तैनाती नहीं की जा रही है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा सम्बन्धित समस्त प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि लीकेज/फाल्ट होने की दशा में समस्या का तत्काल निस्तारण कराते हुये सम्बन्धित ग्राम में उसी दिन पेयजलापूर्ति कराया जाना सुनिश्चित करें एवं समस्त प्रोजेक्ट मैनेजर रेगुलर वाटर सप्लाई हेतु अवशेष ग्रामों में 01 सप्ताह में रेगुलर वाटर सप्लाई सुनिश्चित करें तथा ग्रामों में नियमित पेयजलापूर्ति के फोटोग्राफ्स जे0जे0एम0 ग्रुप में शेयर करें।

Scanned with OKEN Scanner

अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित सहायक अभियंता एवं टी.पी.आई. से उक्त का प्रतिदिन अनुश्रवण करते हुये उक्तानुसार अनुपालन कराया जाना सुनिश्चित करें।

7. ईगल इन्फा इण्डिया लिमिटेडः–

बैठक में उपस्थित सहायक अभियंता जल निगम (ग्रामीण) महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि ईगल इन्फा इण्डिया लिमिटेड द्वारा जनपद महोबा के 45 ग्रामों तथा बरखेडा ग्राम समूह पेयजल योजना के 22 ग्रामों में पेयजलापूर्ति से सम्बन्धित मेण्टीनेन्स के कार्यों को किया जा रहा है। जिलाधिकारी, महोदया द्वारा बैठक में उपस्थित ईगल इन्फा इण्डिया लिमिटेड के डी.पी.एम. को निर्देशित किया गया कि उक्त ग्रामों से सम्बन्धित डी.पी.आर. में उल्लिखित स्कोप के सापेक्ष किये जा रहे कार्यों के विवरण के साथ समीक्षा बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

8- ग्राम पंचायत अधिकारियों द्वारा ग्रामों में पेयजल के सम्बन्ध में किए गए सत्यापनः–

अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि शिवहर ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत पाइप लेईंग के पश्चात 13 ग्रामों में 37 सड़कों की मरम्मत की जानी शेष है, परियोजना के अन्तर्गत मात्र 47 ग्रामों में 90 प्रतिशत से अधिक पेयजलापूर्ति की जा रही है शेष 11 ग्रामों में 90 प्रतिशत से कम जलापूर्ति की जा रही है तथा कार्यालय जिलाधिकारी स्थित कंट्रोलरूम में प्राप्त 27 शिकायतों के सापेक्ष 26 शिकायतों का निस्तारण कराया गया है तथा 01 शिकायत निस्तारण हेतु लम्बित हैं, सलैइया–नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत पाइप लेईंग के पश्चात 08 ग्रामों में 25 सड़कों की मरम्मत की जानी शेष है, परियोजना के ग्राम रैपुराकलां में बूस्टर पम्प न होने के कारण पेयजलापूर्ति नहीं की जा रही है, 61 ग्रामों में 90 प्रतिशत से अधिक पेयजलापूर्ति की जा रही है तथा शेष 16 ग्रामों में 90 प्रतिशत से कम पेयजलापूर्ति की जा रही है कार्यालय जिलाधिकारी स्थित कंट्रोल रूम से प्राप्त 18 शिकायतों के सापेक्ष सभी 18 शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया है, लहचूरा–काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत पाइप लेईंग के पश्चात 12 ग्रामों में 32 सड़कों की मरम्मत की जानी शेष है, परियोजना के ग्राम करहरा खुर्द में बूस्टर पम्प न होने के कारण पेयजलापूर्ति नहीं की जा रही है परियोजना के अन्तर्गत 64 ग्रामों में 90 प्रतिशत से अधिक पेयजलापूर्ति की जा रही है तथा शेष 08 ग्रामों में 90 प्रतिशत से कम पेयजलापूर्ति की जा रही है, कार्यालय जिलाधिकारी स्थित कंट्रोलरूम से प्राप्त 13 शिकायतों के सापेक्ष सभी 11 शिकायतों का निस्तारण किया गया है 02 शिकायतों का निस्तारण हेतु लम्बित हैं, कबरई ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत पाइप लेईंग के पश्चात 07 ग्रामों में 18 सड़कों की मरम्मत की जानी शेष है, परियोजना के अन्तर्गत 26 ग्रामों में 90 प्रतिशत से अधिक तथा शेष 10 ग्रामों में 90 प्रतिशत से कम पेयजलापूर्ति की जा रही है कार्यालय जिलाधिकारी स्थित कंट्रोल रूम से प्राप्त 13 शिकायतों के सापेक्ष सभी 13 शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया है, धवर्रा–सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 38 ग्रामों में 134 सड़कों की मरम्मत की जानी शेष है, परियोजना के अन्तर्गत 56 ग्रामों में 90 प्रतिशत से अधिक तथा शेष 30 ग्रामों में 90 प्रतिशत से कम पेयजलापूर्ति की जा रही है, 07 ग्रामों में पाइप लाइन डेमेज होने के कारण पेयजलापूर्ति बाधित है, कार्यालय जिलाधिकारी स्थित कंट्रोलरूम से प्राप्त 38 शिकायतों के सापेक्ष 33 शिकायतों का निस्तारण कराया गया है तथा 05 शिकायतें निस्तारण हेतु लम्बित हैं। जिलाधिकारी, महोदया द्वारा सम्बन्धित समस्त प्रोजेक्ट मैनेजर्स को निर्देशित किया गया कि ग्रामों में अवशेष कार्यों को विलम्बतम 01 सप्ताह

Scanned with OKEN Scanner

में पूर्ण कराते हुए परियोजना से आच्छादित सभी ग्रामों के समस्त घरों में पेयजलापूर्ति करायें तथा अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए समस्या का निराकरण करायें तथा उक्त का प्रभावी अनुश्रवण करना सुनिश्चित करें।

**नगरीय पेयजल**

1. **कबरई नगर पुर्नगठन पेयजल योजना–** अधिशाषी अभियंता जल निगम (नगरीय) द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 09.04.2026 तक कबरई नगर पुर्नगठन पेयजल परियोजना से सम्बन्धित घटक इण्टेक बेल पर प्रगति 97 प्रतिशत, डबलू0टी0पी0 पर प्रगति 93 प्रतिशत, रॉ वाटर राइजिंग मेन के अन्तर्गत 500 मीटर पाइप लाइन की लेईंग की जानी थी जिसके सापेक्ष 297 मीटर पाइप लाइन की लेईंग की जा चुकी है, क्लीयर वाटर राइजिंग मेन के अन्तर्गत 4600 मीटर पाइप लाइन की लेईंग की जानी है जिसके सापेक्ष 4319 मीटर पाइप लाइन की लेईंग की गयी है, सी0डबलू0आर0 कम पम्पहाउस पर प्रगति 93 प्रतिशत, कलशहा बाबा सी0डबलू0आर0 पर प्रगति 93 प्रतिशत, चन्द्रावल सी0डबलू0आर0 पर प्रगति 10 प्रतिशत , वितरण प्रणाली के अन्तर्गत 30.90 किलोमीटर पाइप लाइन की लेईंग की जानी है जिसके सापेक्ष 27.10 किलोमीटर पाइप लाइन की लेईंग की गयी है, परियोजना के अन्तर्गत 6669 हाउस टैप कनेक्शन दिए जान हैं लक्ष्य के सापेक्ष 4600 टैप कनेक्शन प्रदान किए गए है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा परियोजना के घटकों के कार्यों की समयावधि पूर्ण हो जाने पर भी कार्यों के अवशेष होने पर रोष व्यक्त करते हुए अधिशाषी अभियंता जल निगम (नगरीय) को निर्देशित किया कि कबरई नगर पुर्नगठन पेयजल परियोजना के समस्त अवशेष कार्यों को विलम्बतम 01 सप्ताह में पूर्ण करायें अन्यथा की दशा में कार्यदायी संस्था के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
2. **खरेला नगर पर्नुगठन पेयजल योजना–** अधिशाषी अभियंता जल निगम (नगरीय) द्वारा अवगत कराया गया कि खरेला नगर वाटर सप्लाई स्कीम का कार्य मै0 ब्रिज इंजीनियरिंग वर्क एण्ड बैंकों कन्स्ट्रक्शन द्वारा किया जा रहा है। स्कीम के अन्तर्गत मौदहा डेम पर इण्टेक बेल का निर्माण किया जाना है इण्टेक बेल पर प्रगति शून्य है, परियोजना के अन्य घटकों 4.5 एमएलडी के डबलू0टी0पी0 पर प्रगति 63 प्रतिशत, ओ0एच0टी0 पर प्रगति 85 प्रतिशत, एमसीडब्लूआर पर प्रगति 91 प्रतिशत, रॉ वाटर राइजिंग मेन के अन्तर्गत 13 किलोमीटर पाइप लाइन की लेईंग की जानी है प्रगति 10.27 कि0मी0 लेईंग की गयी है, क्लीयर वाटर राइजिंग मेन के अन्तर्गत 2.705 किलोमीटर पाइप लाइन लेईंग की जानी शेष है प्रगति शून्य है, डिस्ट्रीब्यूशन पाइप लाइन के अन्तर्गत 41.84 किलोमीटर पाइप लाइन की लेईंग की जानी है प्रगति 41.42 किलोमीटर पाइप लाइन की लेईंग की गयी है, 3081 हाउस टैप कनेक्शन दिये जाने हैं लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 1263 हाउस टेप कनेक्शन दिये गए हैं। जिलाधिकारी महोदया द्वारा परियोजना के घटकों के निर्माण कार्यों की अत्यधिक धीमी प्रगति पर रोष व्यक्त करते हुए अधिशाषी अभियंता जल निगम (नगरीय) को निर्देशित किया कि परियोजना के घटकों यथा इन्टेकबेल, डबलूटीपी, ओएचटी, एमसीडब्लूआर, टैप कनेक्शनों को इंस्टाल कराने हेतु मैन पावर तथा मशीनरी को बढ़ाते हुए परियोजना को यथाशीध्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
3. **चरखारी नगर पर्नुगठन पेयजल योजना–**अधिशाषी अभियंता जल निगम (नगरीय) द्वारा अवगत कराया गया कि चरखारी नगर वाटर सप्लाई स्कीम का कार्य मै0 समृद्धि एमसीपीएल जेवी द्वारा किया जा रहा है। इण्टेकबेल पर प्रगति 87 प्रतिशत, डब्लूटीपी पर प्रगति 90 प्रतिशत, 700 के0एल0 ओएचटी पर प्रगति 98 प्रतिशत, 400 के0एल0 सीडब्लूआर पर प्रगति 98 प्रतिशत,

Scanned with OKEN Scanner

क्लीयर वाटर राइजिंग मेन के अन्तर्गत 0.280 किलोमीटर के सापेक्ष 0.25 किलोमीटर पाइप लाइन लेईंग की गयी है, डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम के अन्तर्गत 61.56 किलोमीटर पाइप लाइन लेईंग की जानी है लक्ष्य के सापेक्ष 63.239 किलोमीटर पाइप लाइन लेईंग की गयी है, 6419 हाउस टैप कनेक्शन दिए जाने हैं लक्ष्य के सापेक्ष सापेक्ष 6120 टैप कनेक्शन दिए गए हैं। जिलाधिकारी महोदया द्वारा अधिशाषी अभियंता जल निगम (नगरीय) को निर्देशित किया गया कि परियोजना के समस्त घटकों पर मैनपावर, मशीनरी बढ़ाते हुए परियोजना के समस्त घटकों पर कार्यों को समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

अन्त में जिलाधिकारी महोदया द्वारा निर्देशित किया गया कि ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत जनपद में पेयजल की समस्या के निस्तारण हेतु कलेक्ट्रेट स्थित कण्ट्रोल रूम के फोन नम्बर 05281–298431 का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए तथा कण्ट्रोल रूम में पेयजलापूर्ति की समस्या से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का 02 दिवस में निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित करें

अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति
महोबा।

# कार्यालय जिलाधिकारी, महोबा।

(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति)

पत्रांक:–1545 / एस.टी.–जे.जे.एम. / 2026 दिनांक 10.04.2026

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी, महोदया को सादर अवलोकनार्थ।
2. अधिशाषी निदेशक, महोदय राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को सादर अवलोनार्थ।
3. अधीक्षण अभियंता, विद्युत, महोबा।
4. परियोजना निदेशक, एन0एच0ए0आई0 छतरपुर।
5. अधिशाषी अभियंता, जल निगम (नगरीय) महोबा।
6. अधिशाषी अभियंता, जल संस्थान महोबा।
7. अधिशाषी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) महोबा।
8. अधिशाषी अभियंता, जल निगम वि0 / यां0 (ग्रामीण) महोबा।
9. अधिशाषी अभियंता, सिंचाई प्रखण्ड, महोबा।
10. अधिशाषी अभियंता, प्रान्तीय खण्ड / निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग, महोबा।
11. डी.टी.एल. टी.पी.आई. सेन्सिस महोबा।
12. समस्त प्रोजेक्ट मैनेजर्स, जल जीवन मिशन जनपद महोबा।

अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति
महोबा।

Scanned with OKEN Scanner